


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,शुक्रवार,19,सितम्बर,2025 Follow us on:/ PLANET NEWS INDIA planetnewsindia776@gmail.com


## महाराष्ट्र: पालघर में रासायनिक फैक्ट्री में विस्फोट; एक व्यक्ति की मौत



महाराष्ट्र के पालघर जिले में लिम्बानी सॉल्ट इंडस्ट्रीज में गुरुवार रात करीब 7.30 बजे हुए विस्फोट में एक श्रमिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादस उस समय हुआ जब फैक्ट्री में श्रमिक धातु और अम्ल को मिला रहे थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विस्फोट गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे लिम्बानी साल्ट इंडस्ट्रीज में हुआ। पालघर जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम का कहना है कि धातु और अम्ल के मिश्रण के दौरान पांच श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। यह एक अत्यधिक प्रतिक्रियाशील प्रक्रिया थी। जिससे विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका गहन उपचार किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि थोड़ी दूर पर तैनात दो और श्रमिक मामूली रूप से घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

उन्होंने बताया कि एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका गहन उपचार किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि थोड़ी दूर पर तैनात दो और श्रमिक मामूली रूप से घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।दमकल और आपदा प्रबंधन कर्मियों सहित आपातकालीन दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है और अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामला दर्ज किए जाने की संभावना है।

## चुनाव आयोग में शपथपत्र दाखिल करें...': राहुल के आरोपों पर शिंदे का पलटवार

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मतदाता सूची में गड़बड़ी संबंधी नए आरोपों को "पूरी तरह निराधार" बताया है। शिंदे हुए उन्हें चुनौती दी कि वे चुनाव आयोग (ईसी) के समक्ष शपथपत्र दाखिल करें।राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर "लोकतंत्र को नष्ट करने वालों" की रक्षा करने का आरोप लगाया था और कर्नाटक की एक विधानसभा सीट का हवाला देकर दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित तरीके से हटाए जा रहे थे। हालांकि चुनाव आयोग ने इन आरोपों को "गलत और निराधार" बताया और कहा, किसी भी आम व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन वोट हटाना संभव नहीं है। गुरुवार देर रात पत्रकारों से बातचीत में एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब में चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के मतदाता हेरफेर संबंधी आरोप निराधार हैं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक की अलंद सीट पर उसी चुनाव प्रणाली के तहत जीत दर्ज की, जिस पर गांधी अब सवाल उठा रहे हैं। शिंदे ने पूछा, "किसी ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में वोट चोरी का आरोप



## CBI: अनिल अंबानी और राणा कपूर की बढ़ी मुश्किलें

**CBI: सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनियों और आरसीएफएल तथा आरएचएफएल राणा कपूर और उनके परिवार की कंपनियों के बीच कथित फर्जी लेन-देन के दो मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया है।** एजेंसी के मुताबिक, जांच में सामने आया कि यस बैंक ने राणा कपूर की मंजूरी से एडीए ग्रुप की कमजोर वित्तीय स्थिति वाली कंपनियों में हजारों करोड़ का निवेश किया, जो बाद में हेराफेरी कर कई स्तरों पर घुमाया गया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया है, जो अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों आरसीएफएल और आरएचएफएल व यस बैंक और राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर व बेटियों राधा कपूर और रोशनी कपूर की कंपनियों के बीच हुए कथित फर्जी लेन-देन से जुड़े हैं। सीबीआई ने कहा कि अनिल अंबानी एडीए ग्रुप के चेयरमैन थे। वह रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक भी थे, जो आरसीएफएल और आरएचएफएल की होल्डिंग कंपनी है। सीबीआई ने एक बयान में कहा, जांच एजेंसी ने आज (18 सितंबर) दो मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया है। इनमें एक आरोपपत्र अनिल अंबानी समूह की कंपनियों आरसीएफएल व आरएचएफएल और दूसरा यस बैंक व राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर और बेटियां राधा कपूर व रोशनी कपूर के स्वामित्व वाली कंपनियों के बीच फर्जी लेन-देन से जुड़ा है। राणा कपूर उस समय यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे।




बता दें कि 2022 में यस बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की शिकायत के आधार पर राणा कपूर, आरसीएफएल, आरएचएफएल और अन्य के खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। जांच में सामने आया कि वर्ष 2017 में यस बैंक ने आरसीएफएल में करीब 2045 करोड़ रुपये और आरएचएफएल में करीब 2965 करोड़ रुपये गैर-परिवर्तनीय शेयर (नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर) और वाणिज्यिक ऋण (कमर्शियल डेट) के रूप में निवेश किए थे। बयान में कहा गया, यह निवेश राणा कपूर की मंजूरी से हुआ, जबकि उस समय केयर रेटिंग्स ने एडीए ग्रुप की वित्तीय स्थिति को निगरानी में रखा था, क्योंकि कंपनी की आर्थिक हालत खराब हो रही थी और बाजार में उसकी साख गिर रही थी। यस बैंक ने आरसीएफएल और आरएचएफएल में किए गए इन निवेशों

## PM Modi

### पीएम मोदी कल जाएंगे गुजरात, 4500 करोड़ से बन रहे नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स का लेंगे जायजा



करीब 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स 375 एकड़ में फैला है। इसमें दुनिया का सबसे ऊंचा लाइटहाउस म्यूजियम (77 मीटर), 14 गैलरी, तटीय राज्यों का पवेलियन, चार थीम पार्क और एक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने गृह प्रदेश गुजरात जाएंगे। इस दौरे पर वह अहमदाबाद के लोथल में बन रहे नेशनल मरीन हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) की प्रगति का जायजा लेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।लोथल कभी सिंधु घाटी सभ्यता का अहम व्यापारिक केंद्र था। अब लोथल में देश की समुद्री विरासत को दिखाने के लिए भव्य कॉम्प्लेक्स बन रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एनएमएचसी पीएम मोदी के पंच प्रण में से एक प्राचीन धरोहरों के संरक्षण का प्रतीक है। इस परियोजना का मकसद विकास भी, विरासत भी यानी इतिहास, शिक्षा, शोध और मनोरंजन का मेल है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि लोथल में हेरिटेज संग्रहालय का निर्माण इसलिए किया जा रहा है, ताकि हर नागरिक अपने इतिहास को आसानी से समझ सकें। इसमें नई तकनीक का इस्तेमाल होगा, जिससे उस प्राचीन समय की भव्यता को फिर से दिखाया जा सके।

## Asia Cup Controversies

### PAK के ड्रामे पर ICC सख्त, UAE के खिलाफ मैच से पहले टूटे नियम; कड़ी कार्रवाई पर विचार



# Aaj Ka Rashifal 19 September

## वृषभ और सिंह समेत इन चार राशि वालों को मिल सकता है आकस्मिक लाभ

19 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 19 सितंबर 2025 का राशिफल आज 19 सितंबर, शुक्रवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि में होगा।




### मेष

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बनाएंगे। आप किसी के कहने में आकर किसी भी वजह के काम में ना पड़ें। आप अपने आवश्यक कामों को कल पर न टालें और आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे होंगे। धन को लेकर कोई काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। आप संतान का किसी नए कोर्स मे दाखिला करा सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आपको कोई परिवार में कोई कलह लंबे समय से पैर पसारे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपनी संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आप अपने पिताजी को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलेगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको अपने खर्चो को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार में कोई सदस्य यदि आपसे कोई सलाह मांगे, तो आपको उनकी बातों पर ध्यान देना होगा। माताजी की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आपको बेवजह के भागदौड़ लगी रहेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आप अपने घर लिए कुछ घरेलू चीजों के खरीदारी कर सकते हैं। राजनीति की ओर कदम थोड़ा सोच समझकर भी बढ़ाएं।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपको कोई हानि होने की संभावना है, इसलिए आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाएं। आपको अपने व्यवसाय पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, जो विद्यार्थी कहीं बाहर जाकर पढ़ाई-लिखाई करना चाहते हैं, उनकी परीक्षा पूरी हो सकती है। आप किसी नए घर और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामलों में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं और आपका धन यदि डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपकी किसी बात को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे। सिंगल लोग यदि किसी से प्रेम करते हैं, तो वह तुरंत का इजहार कर सकते हैं, उनमे बेहतर रिजल्ट मिलेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है। आपको घर परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी कोई छुपा हुआ राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है, जो आपकी टेशनों को बढ़ाएगा और लड़ाई-झगड़े भी बढ़ेंगे। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आपके रिश्ते में एक नयापन आएगा। जीवनसाथी से आपकी खूब पटेगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में कमजोर रहेगा। उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी नए घर का काम शुरू कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने की संभावना है। वाहन की खराबी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेगी। आपको भाई और बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई बंटवारा हो सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों से राय लेनी होगी।

### वृश्चिक

आज आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा, तो आप कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आप अपने आंख और कान खुले रखें और किसी से बेवजह वाद विवाद में ना पड़ें। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में आप लोगों से अपने काम से काम मतलब रखें। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए कठिनाइयां लेकर आएगा। आपको कामों में विघ्न आते रहेंगे। आपका बॉस से भी आपकी कहासुनी हो सकती है, जिससे आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है। संतान अच्छा करने की पूरी कोशिश करेगी। आपको उनके मन में चल रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। दान धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी।

### मकर

आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई प्रिय वस्तु उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या आ रही है, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों की किसी बात पर वाद-विवाद होने की संभावना है।

### कुंभ

आज के दिन नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सोच समझकर निवेश करने की आवश्यकता है। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगे, उस पर आप खरे उतरेंगे। व्यापार में भी आपको कुछ उतार-चढ़ाव तो लगे रहेंगे, लेकिन फिर भी आप लगे रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य मामलों में कमजोर रहने वाला है। आपके विरोधी कार्यक्षेत्र में आपको मात देने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। व्यापार में आप अपने काम करने के तरीके में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी आवश्यकताओं के पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

आज 19 सितंबर, शुक्रवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि में होगा। सूर्य और बुध की युति होने से आज भी बुधादित्य योग बनेगा। वहीं दूसरी चरफ चंद्रमा के साथ शुक्र गोचर करें। आज के दिन भद्रयोग का भी सुखद संयोग बना रहा है। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन वालों के लिए सभी राशियों के लिए कैसा रहेगा आज का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# Kanpur: बस चोर ही नहीं पकड़ पाती पुलिस

## कमजोर मुखबिर तंत्र...43 चोरियों के पीड़ित बेबस, एक नजर में बड़ी चोरियां



शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कमिश्नरी पुलिस ने करीब 12 हजार से ज्यादा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। लेकिन चोरी की घटनाओं में कोई खुलासा करने में कोई मदद नहीं मिल पा रही है।कानपुर शहर में चोरों का हल्ला मचा है। लोगों ने चोरों के हाथों अपनी जिंदगी भर की जमापूंजी गंवाई, रिपोर्ट भी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस उनका खुलासा नहीं कर पाई। ऐसे में दहशत में लोगों ने चोरों की अफवाह पर रतजगा शुरू कर दिया है। कानपुर कमिश्नरी में हुई चोरियों के आंकड़े लोगों के मन के डर और पुलिस की नाकामी बयां कर रहे हैं। इससे यह साबित हो रहा है कि बस पुलिस चोर ही नहीं पकड़ पा रही है। करीब तीन महीनों में 43 चोरियों के खुलासे न होने से पीड़ित बेबस हैं। आंकड़ों समेत एक रिपोर्ट शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कमिश्नरी पुलिस ने करीब 12 हजार से ज्यादा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। लेकिन चोरी की घटनाओं में कोई खुलासा करने में कोई मदद नहीं मिल पा रही है। यही स्थिति कमजोर मुखबिर तंत्र की है। पुराने तेजतर्रार सिपाही मुखबिर तंत्र के दम पर बड़े-बड़े खुलासे कर देते थे लेकिन नए जवान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से भी वाकिफ नहीं हैं।चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया गया है। जो भी पेंडिंग चल रही हैं उनमें टीमें लगी हुईं हैं। सर्विलांस टीम से भी मदद ली जा रही है। जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। चोरी की घटना के जो खुलासे अब तक नहीं हो पाए हैं उनकी समीक्षा कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वालों से जवाब मांगा जाएगा। थानाक्षेत्रों में रात की गश्त बढ़ाई गई है।

# देहरादून आपदा: सबका ध्यान सामने नदी पर था

## पीछे से टूटा मुसीबतों का पहाड़, कई घर ढह गए, जान बचाने के लिए भागे



देहरादून के मजाडा क्षेत्र में बादल फटने की गड़गड़ाहट के बाद लोग नदी को देख रहे थे। पहाड़ की तरफ किसी का ध्यान ही नही गया। तभी पीछे से पहाड़ी टूट कर आई और कई घरों को बहा लेकर गई। जैसे-तैसे भागकर लोगों ने अपनी जान बचाई। सोमवार-मंगलवार की रात मजाडा क्षेत्र में बादल फटा तो लोगों का ध्यान सामने सहस्रधारा नदी पर था। पिछली बार भी यही नदी आपदा लेकर आई थी। लोग एकटक नदी के प्रवाह को देख रहे थे कि इसी बीच पीछे से उन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। पहाड़ का हिस्सा गिरने से कई घर ढह गए। कुछ लोगों ने भागकर जान बचाई मगर चार लोग और मवेशी इसमें दब गए। मजाडा गांव के सामने बहने वाली सहस्रधारा नदी में भारी बारिश के बाद जब बादल फटे तो लोग एकत्रित होकर पानी उनकी ओर न आने की प्रार्थना कर रहे थे। उनको लग रहा था नदी का मलबा उनके गांव की तरफ न आए। इतने में ही मजाडा के पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। इस दौरान कई लोगों ने तो भागकर जान बचा ली, लेकिन चार लोग पहाड़ के मलबे में दब गए। साथ ही बड़ी संख्या में मवेशी भी दब गए।लोगों ने सोचा भी नहीं होगा कि पहाड़ ही उनका काल बन जाएगा। उनका गांव नदी के सामने था, तो आपदा का बहुत अधिक खतरा नहीं रहता था।पहाड़ पर ही उनका बचपन बीता। यहां के खेत-खलिहान से उनका पेट भरता है, आज जब आपदा आई तो वही पहाड़ काल बन गया। उन्हें आसपास के पहाड़ से हमेशा अपनत्व का अहसास होता था, लेकिन उन्होंने पहाड़ों का रौद्र रूप पहली बार देखा।

# Anurag Kashyap

## मैं नई चीजें आजमाता रहता हूं', निशानची को लेकर अनुराग बोले- इस बार पैसे भी कमाऊंगा



Anurag Kashyap On Nishaanchi: 'निशानची' के जरिए अनुराग कश्यप एक बार फिर गैंगस्टर की कहानी वाली फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं। अब फिल्म की सफलता और अपनी फिल्ममेकिंग को लेकर उन्होंने बात की।फिल्ममेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'निशानची' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'निशानची' के जरिए अनुराग एक बार फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी एक एक्शन से भरपूर फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं, जिसमें जबरदस्त गैंगवॉर देखने को मिलेगी। अब अनुराग ने फिल्म में नए चेहरों को लेने, फिल्म की कास्टिंग और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के उनके लिए मायने को लेकर बात की।टेली टॉक इंडिया से बातचीत के दौरान अनुराग कश्यप से जावेद अख्तर द्वारा उनकी फिल्म 'मुक्काबाज' को लेकर की गई टिप्पणी पर सवाल किया गया। दरअसल, जावेद अख्तर ने अनुराग से पूछा था कि उन्होंने ऐसी फिल्म क्यों बनाई जिसका अंत कोई कमाई नहीं करेगा। अब इस टिप्पणी को लेकर अनुराग ने निशानची के बारे में कहा

## Lokah: ममूटी और प्रियदर्शन को नहीं थी 'लोका चैप्टर 1' की सफलता की उम्मीद

# दुलकर सलमान ने बताया पिता का रिएक्शन



मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1 - चंद्रा' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म इस साल की एक सरप्राइज हिट निकली। फिल्म की कहानी और कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग ने लोगों को काफी प्रभावित किया। अब फिल्म के प्रोड्यूसर व अभिनेता दुलकर सलमान ने खुलासा किया कि उनके पिता व दिग्गज अभिनेता ममूटी और कल्याणी के पिता व दिग्गज फिल्ममेकर प्रियदर्शन को फिल्म के सफल होने की उम्मीद नहीं थी।द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत के दौरान दुलकर सलमान ने बताया कि कैसे उनके और कल्याणी के पिता इस फिल्म को लेकर चिंतित थे, लेकिन अब उन्हें इस पर गर्व है। कल्याणी ने फिल्म की सफलता पर अपने पिता प्रियदर्शन की प्रतिक्रिया का भी खुलासा किया। दुलकर ने कहा कि उनके पिता को 'लोका' से बिल्कुल भी उम्मीदें नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'तुम क्या सोच रहे थे? तुम यह शर्त क्यों लगा रहे हो?'

# फराह ने सलमान खान से की बाबा रामदेव की तुलना



Farah Khan Meets Baba Ramdev: हाल ही में कोरियोग्राफर फराह खान, बाबा रामदेव के आश्रम में पहुंची, जिसका जिक्र उन्होंने अपने व्लॉग में किया है। इसी दौरान फराह ने सलमान खान की तुलना बाबा रामदेव से की। मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान अक्सर सेलेब्स के घर जाती हैं या वो उनके यहां आते हैं। इसका व्लॉग फराह अपने चैनल पर अपलोड करती हैं। हाल ही में कोरियोग्राफर अपने कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने उनके आश्रम पहुंची। इसके अलावा उन्होंने उनसे कई बातें भी कीं। इसी दौरान फराह ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और बाबा रामदेव की तुलना भी की। जानिए उन्होंने क्या कहा। फराह खान ने अपने व्लॉग में दिखाया कि वो कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने पहुंची हैं। इसमें फराह ने कहा, "तो आप और सलमान खान एक जैसे हैं, वह 1BHK में रहते हैं और बाकी सबके लिए महल बनाते हैं।' उनकी इस मजाकिया टिप्पणी से रामदेव और फराह हंस पड़े। व्लॉग में देखा जा सकता है कि बाबा रामदेव, फराह खान को अपने आलीशान आश्रम को दिखात नजर आते हैं। इसी दौरान रामदेव अपनी सादगीपूर्ण जीवनशैली की बात करते हैं। साथ ही कहते हैं, 'हमने लोगों के रहने के लिए महल रखा है और अपने लिए झोपड़ी।' इसी पर फराह खान ने सलमान खान से जोड़कर जवाब दिया, तो बाबा रामदेव ने सहमति जताते हुए कहा, 'हां, ये बात तो सही है।'फराह खान के करियर की बात करें, तो उन्हें हाल ही में बिग बॉस 19 में वीकएंड वार पर होस्ट करते देखा गया था। उन्होंने सलमान खान की गैरमौजूदगी में ये जिम्मा उठाया था।

## Jolly LLB 3: आ गया 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर, इस बार कोर्ट में मजा और बहस होगी तीन गुना




अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अम्रता राव और संजय मिश्रा सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'जॉली एलएलबी 3' इस कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इससे पहले फिल्म के दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी जॉली बने थे, जो मेरठ से आता है। जबकि दूसरे पार्ट 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। यह जॉली कानपुर से आता है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट में दोनों ही जॉली पहली बार एकसाथ नजर आएंगे।




# रानी मुखर्जी से लेकर अजय देवगन तक, इन कलाकारों ने पर्दे पर निभाया पुलिस का दमदार किरदार





**Police Roles In Bollywood:** पर्दे पर कई कलाकारों ने पुलिस का किरदार निभाया है। इन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। आइए इन कलाकारों के बारे में जानते हैं। मनोज बाजपेयी फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' में इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बॉलीवुड ने कई मशहूर पुलिसवाले दिए हैं। इन लोगों ने अपने साहस से पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी है। आइए, फिल्मी दुनिया के बेहतरीन पुलिस किरदारों पर एक नजर डालते हैं। **साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई।** इस फिल्म में उनके पुलिस वाले रोल को खूब पसंद किया गया। इसके बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न' और 2024 में 'सिंघम अगेन' बनाई।

# Prasoon Joshi



Prasoon Joshi Birthday Special: बॉलीवुड के कई बेहतरीन गाने लिखने वाले प्रसून जोशी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। आइए जानते हैं उनके फिल्मी सफर के बारे में। बॉलीवुड फिल्मों को कई बेहतरीन गाने देने वाले गीतकार प्रसून जोशी का आज 54वां जन्मदिन है। वह 16 सितंबर 1971 को उत्तराखंड के जिला अल्मोड़ा में जन्मे। उन्होंने कई फिल्मों के लिए बेहतरीन डायलॉग्स भी लिखे। उन्हें 11 अगस्त 2017 को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनसे जुड़ी कुछ खास बाते बता रहे हैं।कई फिल्मों की पटकथा लिखने वाले प्रसून जोशी को बचपन से लिखने-पढ़ने का शौक था। उन्होंने सिर्फ 17 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'मैं और वो' लिखी। उन्होंने भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके बाद एमबीए की पढ़ाई की। पढ़ाई के बाद वह दिल्ली में एक विज्ञापन कंपनी के साथ जुड़े। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कंपनी 'मैकऐन इरेक्शन' में कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर काम किया।

## Manila: अवैध तंबाकू व्यापार रोकने के लिए बढ़ानी होगी सख्ती


## मनीला में आयोजित सम्मेलन में कारोबार पर चर्चा



मनीला में आयोजित सम्मेलन में अवैध तंबाकू कारोबार पर चर्चा हुई। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर बड़ी चिंता सामने आई, जिसका कारण अवैध तंबाकू व्यापार है। इसे कैसे रोक सकते हैं...इस पर फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल के अवैध व्यापार रोकथाम प्रमुख रॉडनी वैन डूरेन ने अमर उजाला के राहुल कांकरिया से अहम जानकारियां साझा कीं। दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में अवैध व्यापार से निपटने की क्या रणनीति रही और आपके नेतृत्व से इसमें कैसे मदद मिली?वाणिज्यिक नेतृत्व से अवैध व्यापार पर ध्यान देने के लिए एक महत्वपूर्ण मानसिक बदलाव की जरूरत है। व्यवसाय में, संचालन किसी देश के नियमों से निर्देशित होता है, जिनका हमें पूरी तरह पालन करना होता है। साथ ही, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की अपनी नीतियां और प्रक्रियाएं भी हैं। इसके उलट, अवैध नेटवर्क बिना किसी व्यवस्था के काम करते हैं। मैं इसे जटिल संगठित अपराध और पैसे की हेराफेरी की योजना कहता हूं, जिसके आतंकी फंडिंग से भी संबंध हैं। नकली सिगरेट का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। वैध की तुलना में सस्ता होने की वजह से अवैध उत्पादों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। यह न सिर्फ उपभोक्ता मांग के लिए चुनौती है, बल्कि नियामकी अनुपालन को बनाए रखने की जरूरत पर बल देती है।तंबाकू उत्पादों के निर्यात के मोर्चे पर नियामकीय खामियां दिखती हैं। आसियान, भारत, चीन और जीसीसी में निर्माताओं, निर्यातकों व ट्रांसशिपर्स के लिए सिर्फ घरेलू नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नहीं है कि उत्पाद उपभोग के लिहाज से बाजार में वैध है या नहीं। ऐसे में अवैध उत्पाद बन रहे हैं और उनका निर्यात हो रहा है।

# Share Market

## अमेरिकी फेड की ब्याज दरों में कटौती से बाजार गुलजार; सेंसेक्स 400 अंक उछला, निफ्टी 25400 के पार




**शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 447.5 अंक बढ़कर 83,141.21 पर पहुंच गया। ऐसे ही निफ्टी 118.7 अंक चढ़कर 25,448.95 पर आ गया। इसके साथ ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे गिरकर 88.01 पर आ गया।अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा।** शुरुआती कारोबार में एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंकों की बढ़त के साथ 83,108.92 के स्तर पर आ गया। ऐसे ही एनएसई निफ्टी-50 25,400 के पार पहुंच गया। व्यापक बाजार सूचकांकों में भी बढ़त देखी गई, हालांकि उतार-चढ़ाव स्थिर रहा। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे गिरकर 88.01 पर आ गया।अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अपनी प्रमुख ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और इस साल दो अतिरिक्त ब्याज दरों में कटौती की संभावना के संकेत के बाद आईटी शेयरों में हुई खरीदारी से बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने गुरुवार को कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ की। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 447.5 अंक बढ़कर 83,141.21 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 118.7 अंक चढ़कर 25,448.95 पर आ गया।सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा और टाटा मोटर्स हरे निशान पर दिखाई दिए। हालांकि, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को एक दिन की राहत के बाद फिर से 1,124.54 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

18 Sep 25 | 09:24 | Open

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| INFY 1552.00 +1.90 % | HCLTECH 1499.40 +1.23 % | HDFCBANK 977.40 +1.14 % | TECHM 1564.05 +1.13 % | SUNPHARMA 1634.80 +0.90 % | TCS 3195.55 +0.72 % |
| HINDUNILVR 2583.55 +0.61 % | ITC 411.50 +0.54 % | POWERGRID 288.35 +0.42 % | TITAN 3536.75 +0.40 % | ICICIBANK 1424.50 +0.40 % | ADANIPORTS 1410.95 +0.37 % |
| LT 3698.45 +0.36 % | MARUTI 15845.00 +0.28 % | TRENT 5212.55 +0.27 % | TATAMOTORS 720.85 +0.24 % | RELIANCE 1416.80 +0.22 % | ETERNAL 328.90 +0.21 % |
| BHARTIARTL 1944.30 +0.17 % | ASIANPAINT 2496.95 +0.12 % | SBIN 857.85 +0.11 % | BEL 412.25 -0.01 % | M&M 3631.45 -0.05 % | NTPC 336.15 -0.07 % |
| KOTAKBANK 2048.30 -0.10 % | AXISBANK 1123.40 -0.23 % | ULTRACEMCO 12673.70 -0.33 % | BAJAJFINSV 2049.50 -0.35 % | TATASTEEL 170.55 -0.41 % | BAJFINANCE 996.60 -0.98 % |

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग कमजोर रहा। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.16 प्रतिशत गिरकर 67.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) |
|---|---|---|---|---|
| ORK | 29.70 | 4.44 | 17.58 | 46.66 |
| GS | 53.95 | 5.74 | 11.91 | 3.11 |
| CH | 98.30 | 10.17 | 11.54 | 3.35 |
| | 33.11 | 2.98 | 9.89 | 0.26 |
| GY | 356.00 | 27.40 | 8.34 | 20.67 |

**इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 313.02 अंक या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 82,693.71 पर बंद हुआ था। ऐसे ही निफ्टी 91.15 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 पर बंद हुआ था।**

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू





अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# उपलब्धि


## नीतिगत स्थिरता से विदेशी निवेश का नया ग्रोथ इंजन बन सकता है भारत, फाइनेंशियल टाइम्स का आकलन



जीएसटी, दिवालिया कानून और डिजिटल इंडिया जैसे सुधारों की विदेशी निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत ने डिजिटल भुगतान और यूपीआई के जरिये विदेशी निवेशकों को दिखाया है कि वह तकनीकी बदलावों को बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता रखता है।वैश्विक जीडीपी की सुस्त रफ्तार और चीन पर बढ़ती भू-राजनीतिक आशंकाओं के बीच भारत विदेशी निवेशकों के लिए नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट और विश्लेषणों में भारत को एशिया का निवेश चुंबक बताया गया है। अखबार का कहना है कि अगर नीतिगत स्थिरता और पारदर्शिता कायम रखी जाए, तो भारत विदेशी निवेश का नया ग्रोथ इंजन बन सकता है।भारत की विकास दर अगले पांच वर्षों तक वैश्विक औसत से अधिक रहेगी। युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता बाजार भारत की सबसे बड़ी पूंजी हैं। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा, भारत का डेमोग्राफिक डिविडेंड निवेशकों के लिए वह आधार है, जो चीन में घट रहा है। चीन में लागत बढ़ने, अमेरिकी दबाव और भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते वैश्विक


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# Asia Cup Controversy

## नकवी की नाक बचाने के लिए और कितने बहाने बनाएगा पाकिस्तान? ICC ने फिर खोली पीसीबी की पोल



इस विवाद में अब एक तरफ पीसीबी के झूठे दावे हैं तो दूसरी तरफ आईसीसी का क्लीन चिट। फिलहाल मामला और उलझता दिख रहा है क्योंकि पाकिस्तान इसे कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बता रहा है जबकि आईसीसी इसे सिर्फ 'मिसकम्युनिकेशन' मान रहा है।एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हैंडशेक विवाद पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने बुधवार को बड़ा दावा किया है। पीसीबी का कहना है कि आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट और कप्तान से माफी मांगी है। इसके साथ ही पीसीबी ने यह भी कहा कि आईसीसी मामले की जांच के लिए तैयार है। हालांकि, अब आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों की फिर से पोल खोल दी है। आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों पर करारा जवाब दिया है।बुधवार को पाकिस्तान टीम ने यूएई के खिलाफ मुकाबले के लिए होटल से स्टेडियम जाने में देरी की। टीम का विरोध इस बात को लेकर था कि आईसीसी ने पायक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया था। इससे उनकी दोहरी फजीहत हो गई थी। टीम स्टेडियम पहुंची, लेकिन देरी से और फिर मैच भी खेला। पीसीबी ने पायक्रॉफ्ट को एशिया कप से बाहर करने की मांग की थी, फिर उसने पाकिस्तान-यूएई मैच से उन्हें हटाने की मांग की, लेकिन आईसीसी ने दोनों मांगें ठुकरा दीं। पाकिस्तान ने फिर टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की गीदड़भभकी भी दी थी, लेकिन पैसे के दबाव में ऐसा नहीं कर पाया। हालांकि, तमाम नौटंकी के बाद एक माफी से पीसीबी का काम चल गया।पीसीबी ने बुधवार को 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर बयान जारी करते हुए लिखा, 'आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है। पायक्रॉफ्ट ने 14 सितंबर को हुए भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हैंडशेक से रोका था। पायक्रॉफ्ट ने भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हाथ मिलाने से मना किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पायक्रॉफ्ट की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।' पीसीबी ने अपने बयान में यह भी दावा किया कि आईसीसी इस मामले में जांच करने को तैयार है। पीसीबी ने कहा, 'आईसीसी ने 14 सितंबर के मैच के दौरान हुए कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन की जांच करने की सहमति जताई है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि हैंडशेक से परहेज का फैसला पूरी टीम का था। उन्होंने कहा था, 'यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उठाया गया था।' इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

## PAK vs UAE: भारत के बाद पाकिस्तान टीम भी सुपर-4 में पहुंची

### यूएई और ओमान का सफर समाप्त; पढ़िये मैच रिपोर्ट



पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 41 रन से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम 17.4 ओवर में सिर्फ 105 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई।पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 41 रन से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम 17.4 ओवर में सिर्फ 105 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद को दो-दो विकेट मिले। वहीं, सैम अयूब और सलमान आगा ने एक-एक सफलता अपने नाम की। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान की टीमों ने सुपर-4 में प्रवेश कर लिया। भारत ने अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की और चार अंक व +4.793 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। अब टीम का ग्रुप चरण में तीसरा मुकाबला 19 सितंबर को ओमान से होना है। वहीं, पाकिस्तान की टीम ने अपने तीनों मुकाबले खेल लिए। पहले मैच में उसने ओमान को 93 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। हालांकि, भारत के हाथों रविवार यानी 14 सितंबर को उसे मुंह की खानी पड़ी। तीसरे मैच में वापसी करते हुए पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया और चार अंक व +1.790 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रही। यूएई और ओमान की टीमें क्रमश: तीसरे और चौथे पायदान पर रहीं। करो या मरो मुकाबले में पाकिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। साहिबजादा फरहान और सैम अयूब की सलामी जोड़ी महज नौ रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्चा फखर जमां ने संभाला। उन्होंने 36 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाए और इस मैच में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। वहीं, छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

## Asia Cup: पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं

### राजमार्गों को भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना जरूरी', RGI का राज्यों को निर्देश



Census: भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त ने जनगणना-2027 की तैयारी के तहत सभी प्राकृतिक और प्रशासनिक सीमाओं को मानचित्रों में अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी क्षेत्र की गणना में चूक न हो। जनगणना 16 वर्षों बाद दो चरणों में होगी, जिसमें जातिगत गणना भी शामिल रहेगी।भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) ने अपने सभी निदेशालयों को निदेशालयों को निर्देश जारी किए हैं कि देश में जनगणना के दौरान भौगोलिक क्षेत्र की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए नदी, वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं, परिवहन मार्गों (राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग एवं रेल पटरियां) को मानचित्र विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना अनिवार्य है। आजीआई ने कहा कि प्रशासनिक सीमाओं से जुड़े मौजूदा भू-स्थानिक डाटा को भी अपडेट करना जरूरी है, ताकि जनगणना के दौरान कोई भी क्षेत्र न छूटे या दोहराव न हो। अपने सभी कार्यालयों को जारी एक सरकारी आदेश में आरजीआई मृत्युंजन कुमार नारायण ने कहा, नदियां, नाले,आरक्षित वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं को मानचित्र विभाग की ओर से दिए गए भू-स्थानिक आंकड़ों को सही तरीके से अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ-साथ रेल लाइनों (ब्रॉड गेज और मीटर गेज) जैसी परिवहन सुविधाओं को भी नवीनतम जानकारी के आधार पर सावधानीपूर्वक अपडेट किया जाना चाहिए।आरजीआई ने कहा, यह जनगणना की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है और राज्यों, जिलों, उप-जिलों, शहरों, वार्डों और गांवों की मौजूदा सीमाओं के अनुसार प्रशासनिक सीमाओं को अपडेट करना जरूरी है। इसका मकसद जनगणना के दौरान देश के हर कोने को कवर करना है।आदेश में बताया गया कि ये अपडेट किया हुआ डाटा डिजिटल फ्रेमवर्क के रूप में इस्तेमाल होगा, जिससे घरों की सूची के खंड बनाए जाएंगे। इसमें कहा गया, डिजिटल जनगणना के लिए अपडेट की गई प्रशासनिक सीमाएं बेहद जरूरी हैं, जिससे क्षेत्रीय कार्यों और जनगणना कवरेज की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। आरजीआई ने बताया कि इन मानचित्रों का उपयोग हर गांव और शहर (वार्ड सहित) की पुष्टि के लिए किया जाएगा कि वे किस उप-जिला या शहरी निकाय में आते हैं। सभी अपडेट एक जनवरी 2010 के बाद हुए प्रशासनिक बदलावों को कवर करेंगे,

## Asia Cup:

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर गांगुली का टिप्पणी से इनकार, बोले- आतंकवाद खत्म हो



भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। अब इस मामले को लेकर सौरव गांगुली ने टिप्पणी से इनकार कर दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज गांगुली का कहना है कि ना सिर्फ भारत और पाकिस्तान बल्कि दुनिया में हर जगह से आतंकवाद खत्म होना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया।भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से धूल चटाई। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों को तवज्जो नहीं दी और मैच खत्म होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे सीधे पवेलियन लौट गए। दुबे सीधे पवेलियन लौट गए।